12.33 hrs.

## ALUMINIUM CORPORATION OF INDIA LIMITED (ACQUISITION AND TRANSFER OF ALUMINIUM UNDERTAKING) BILL

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI ARIF MOHAMMAD KHAN) : Sir, on behalf of Shri N.K.P. Salve, I beg to move :*

"That the Bill to provide for the acquisition and transfer of the right, title and interest of the Aluminium Corporation of India Limited in relating to its undertaking at Jaykay Nagar, near Asansol (West Bengal) for the purpose of ensuring the continuity of production of aluminium and aluminium fabricated products which are essential to the needs of the community and thereby to give effect to the policy of the State towards securing the principles specified in clause (b) of article 39 of the Constitution, be taken into consideration."

MR. DEPUTY-SPEAKER : Motion moved :

"That the Bill to provided for the acquisition and transfer of the right, title and interest of the Aluminium Corporation of India Limited in relation to its undertaking at Jaykay Nagar, near Asansol (West Bengal) for the purpose of ensuring the continuity of production of aluminium and aluminium fabricated products which are essential to the needs of the community and thereby to give effect to the policy of the State towards securing the principles specified in clause (b) of article 39 of the Constitution, be taken into consideration."

Shri K.C. Halder will ininitiate the discussion.

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER (Durgapur) : Hon. Deputy Speaker, Sir, I welcome this Aluminium Corporation of India Limited (Acquisition and Transfer of Aluminium Undertaking) Bill, 1983 which was introduced in the last Winter Session of the Parliament. Now this Bill has come for consideration and passing. I welcome the Bill though it was overdue.

The Aluminium Corporation of India Limited was established in July 1944 at Jaykay Nagar near Asansol (West Bengal). In September 1973 this company was closed due to financial, mismanagement and other difficulties. The private owners exploited the company and did not plough back the profit for renovation, modernisation and technological upgradation. With the profit earned by the Aluminium Corporation of India Limited, Jaykay Nagar, the owners set up new factories in other States. At that time this company was employing 2,500 persons. Aluminium and aluminium products are very much necessary for our nation, specially for the power industry. The import of aluminium in 1979-80 was of the order of 76,028 tonnes and its value was Rs. 1,09.560. In 1981-82 the installed capacity was 3,21,170 and production in 1981 was 2,11,411 tonnes. In 1982 the production was 2,14,789 tonnes and import 2,178 tonnes and its value Rs. 39 crores. In answer to a question it was mentioned on 23rd February 1983 that in 1982 there was no import. But Shri Salve stated in the Rajya Sabha that the canalising agency may have to import 20,000 to 30,000 tonnes, valued at Rs. 30 to 45 crores during 1982-83. I hope the Minister will clarify during his reply to the debate whether in 1982-83, any import was done and what was the total quantum of import of aluminium products into our country.

What is the position of aluminium production in relation to public and private sector. In the public sector HALCO in 1971 produced 30,939 tonnes and in the private sector Indalco, Indal and Malco produced 1,80,899 tonnes. In 1979 the total production was 2,17,838 tonnes. In 1980 the production in the public sector was 28,997 tonnes and private sector 1,55,841 tonnes. In 1981 the production in the public sector was 32,881 tonnes and private sector 1,79,689 tonnes. So, while you are talking of public sector reaching the commanding heights, the private sector is producing much more than the public sector.

I am giving some figures of demand,

*Moved with the recommendation of the President.

indigenous supply and imports. In 1980-81 the demand was 3,04,620 tonnes, indigenous production 1,87,110 tonnes and import 1,20,778 tonnes. In 1981-82 the demand was 2,79,229 tonnes, indigenous supply 2,64,000 tonnes and import 70,196 tonnes. In 1982-83 the demand was 238.118 thousand tonnes. The indigenous supply was 218.862 thousand tonnes. There is a gap of about 20,000 tonnes. In the figure, they showed there is no import. But the Minister in an answer in the Rajya Sabha said that there may be an import of 20 to 30 thousand metric tonnes of aluminium. What is the position ?

In our country the installed capacity per annum of aluminium production is 301,170 tonnes. The production in 1981 was 2,11,411 tonnes. In 1982 production was 2,14,789 tonnes. Figure of imports in 1981 have already been given by me earlier.

Still the Private Sector is ruling the aluminium market and we are spending thousands of crores of valuable foreign exchange for import.

Now in 1984-85 Government has projected the demand for aluminium. It will be 5,00,000 tonnes. But they have not indicated what will be the actual indigenous production in 1984-85. You know that this concern was closed in 1973. From 1975 efforts were made by the Central Government and State Government of West Bengal to revive the undertaking with a view to rehabilitate the Company and those who were adversely affected by the closure and to augment supply of aluminium and aluminium fabricated products. As I stated earlier, the company took away the profit and did not plough it back in that concern. They installed factories in other States. What happened ? Their liabilities were more and they did not inject capital for revival of this Aluminium Corporation of India which was essential for West Bengal.

After its closure myself and the leaders of C.I.T.C., we made many attempts to approach the Minister and the Ministry to re-open and nationalise this Company. After that this Company was taken over on 1st May, 1978 by the Central Government and then after that from 1979 the fabrication work started. It was re-commissioned in 1979. As I have stated earlier, the production of aluminium is necessary for our nation and specially for the power industry and Defence. But after the take-over the performance of the Company was not satisfactory and then we met the Minister many times for nationalisation -- i.e. to take it up as a public undertaking of the Central Government. In the statement of objects and reasons, the Minister has stated that for improvement in the performance of the undertaking, investment of public fund is considered necessary as it produces aluminium products which are necessary for the country and the power sector. Here, I would like to mention that when this is nationalised, proper investment for modernisation and technological improvement should be taken up to make it viable and this nationalisation should not be done in a half-hearted manner. I want to give a word of caution because, as you know, the Government nationalised the Burn Standard Refractories in the year 1975. But after nationalisation, no investment was done. Regarding Burn Standard, we welcome that the Government nationalised the concern but no investment was done. We repeatedly made representations to the Minister that nationalisation is not the only solution when it becomes sick. When you nationalise a concern, there must be proper planning for investment, for modernisation and for technological upgradation so that the concern must be made viable.

But in the meantime, the Central Government and the management of the public sector are behaving like the private sector. They have declared lock-out in the Durgapur Unit of Burn Standard and they have issued a closure notice to close the Raniganj unit of Burn Standard from 10th of May. The Burn Standard produced 950 tonnes of refractories previously, about 10 years back. But the management got an agreement with the union and it gradually scaled down the production target and now it is 250 tonnes only. How can it be viable ? Today the trade-union leaders and the workers are so mature in West Bengal, they are not only conscious of their own wages and other things but also they are fighting to make the different public sector units viable and they submit alternative suggestions and schemes to the Central Government. But the bureaucrats do not take the

alternative schemes into consideration and this is the irony of situation. About 1200 employees in the two units of Burn Standard are facing difficulties. I am mentioning this because you are nationalising this company. I demand lifting of lockout and reopening of Burn Standard Refactors. It is a welcome measure and the trade-unions are ready to cooperate. But at the same time, there must be proper planning for investment, modernisation and technical upgradation so that this concern may be viable.

Through you, I would like to draw the attention of the Minister and the Cabinet also regarding how they work in an unplanned manner. You know, M.A.M C., Durgapur, was established to supply equipment and machinery to collieries and coal-washeries. They have supplied many equipment and machinery to collieries and coal-washeries, their performance is very good. But now what has happened ? They Energy Ministry are going to set up one coal washery at Madhuban. The CIL are going to instal one coal washery in Madhuban. They have not yet placed the order, but they are inclined to give order to a foreign company, Alpine, an Austrian company. It will involve Rs. 60 crores and foreign exchange to the extent of Rs. 6 to 8 crores will be required if they place the order on this foreign company, Alpine. When MAMC, Durgapur, can produce good quality machinery and they have the technical knowhow to produce first class or uptodate quality machinery for collieries and coal washeries, why are another Ministry, without placing an order to a public sector concern, going to place the order on a foreign company where they have to spend about Rs. 6 to 8 crores of the valuable foreign exchange of our country ? So, my point is that you nationalise the concern and at the same time you have proper planning for investment, modernisation and technological upgradation so that the company may be viable. I can assure the Government through you that, if this is done, the trade union and the workers are ready to cooperate. But what happens is that, after two or three or four years, you close down the concern as in the case of Burn Standard. Government takes over the management of some concern and after several years, instead of nationalising, it is denotified as in the case of Carter Pooler of Calcutta which has been denotified. This is not proper. You should nationalise and make it viable. As I have already said, now the workers of West Bengal, the trade union movement there, are so mature that they show their concern to make the public sector, the nationalised sector, viable. Government should respond to the responsible steps taken by the workers in West Bengal. I appeal to the hon. Minister to convey to the other Ministry what I have mentioned about Burn Standard and the other concern, M.A.M.C. which is one of the heavy engineering public sector concerns of our country.

I do not want to take much time. I welcome the Bill. But at the same time I want to repeat, before I conclude, that proper planning should be done. As I have mentioned earlier, still the private sector is ruling the aluminium market ; the public sector is lagging behind. We are importing spending valuable foreign exchange for aluminium and aluminium products. So, I would request the hon. Minister to give proper importance to my suggestions, and when he replies, I hope he will reply to all the questions which I have raised properly...

SHRI SATYASADHAN CHAKRABORTY : And satisfactorily.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Reply as you want.

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER : Mr Satyasadhan Chakraborty says 'satisfactory reply'. I will say 'to my satisfaction'. I thank the Government for nationalising this concern and with these words, I conclude.

**श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा):** उपाध्यक्ष महोदय, एलुमिनियम कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटिड (एक्वीजीशन एंड ट्रांसफर आफ एलुमिनियम अंडरटेकिंग) बिल 1983 का मैं समर्थन करता हूं।

प्राईवेट सैक्टर में जितनी भी बड़ी-बड़ी कंपनियां सरकारी पैसे से बनी हैं, धीरे-धीरे वे अपने एसेट्स को दूसरी जगह ट्रांसफर कर के सिक होती जा रही है। यह भी एक ऐसी ही

कंपनी है, जिसने सरकारी फिनांशल इंस्टीट्यूशन्ज से करोड़ों रुपए ले कर उसको सिक बनाया है। 1973 में यह कंपनी क्लोज हुई। भारत सरकार और वैस्ट बंगाल सरकार ने इसको रिवाइव करने की कोशिश की, लेकिन उसकी फिनांशल पोजीशन इतनी खराब थी कि वहअपने पांव पर खड़ी न हो सकी।

1978 में भारत सरकार ने डिसिजन लिया कि इसको टेक ओवर कर लिया जाए और भारत एलुमिनियम कंपनी के सुपुर्द कर दिया जाए। तब भी वह ठीक प्रकार से नहीं चल पाई, क्यों कि इसकी मशीनरी इतनी पुरानी हो चुकी है कि प्राडक्शन लाभदायक नहीं हो सकती। इसकी मशीनरी को माडर्नाइज करने के लिए और प्राडक्शन को लाभ की स्थिति में लाने के लिए यह जरूरी है कि सरकार इसमें काफी इनवेस्टमेंट करे।

अब सरकार ने यह निर्णय लिया है कि 1 करोड़ रुपया इस अंडरटेकिंग को सुचारु रूप से चलाने के लिए भारत एलुमिनियम कंपनी को दिया जाए, 60 लाख रुपया माडर्नाइजेशन के लिए दिया जाए और 3.70 करोड़ रुपया ड्यूज की अदायगी के लिए दिया जाए। टेक ओवर करने के बाद करीब 4 करोड़ रुपया राइट्स, टाइटल और इन्ट्रेस्ट को प्राप्त करने के लिए देना पड़ेगा। इसके अलावा 10.75 करोड़ रुपया एसेट्स को लेने के लिए देना पड़ेगा। भारत सरकार इस कंपनी के एसेट्स और मशीनरी वगैरह को प्राप्त करने के लिए 20 करोड़ रुपया दे रही है, जबकि इस कंपनी द्वारा करोड़ों रुपए कमाए गए हैं।

**13.00 hrs.**

अगर ट्रांसफर आफ असेट्स या मैनेजमेन्ट की वजह से कोई कम्पनी सिक होती है तो उसके लिए सरकार को पैसा नहीं देना चाहिए, हां, अगर मजदूरों का पैसा चुकाना हो, तो दूसरी बात है। वरना जब किसी कम्पनी ने काफी पैसा कमा लिया हो तो उसको इस प्रकार का एमाउन्ट देने की आवश्यकता नहीं है। उस कम्पनी को आप नेशनलाइज करके ज्यादा से ज्यादा प्रोडक्शन बढ़ाने का यत्न करें।

आज पब्लिक सेक्टर में जो कम्पनियां चल रही हैं उनका प्राइवेट सेक्टर की कम्पनियों के साथ कंपिटीशन होना चाहिए। आज प्राइवेट सेक्टर की कंपनियों में बड़ी मिकदार में प्राफिट होता है जबकि पब्लिक सेक्टर की जो एलूमिनियम की या अन्य कम्पनियां हैं उनमें प्राफिट बहुत कम है। बहुत सारी पब्लिक सेक्टर की बड़ी-बड़ी कम्पनियां तो लास में भी चलती हैं। मैं समझता हूं पब्लिक सेक्टर में जब तक आप कम्पनियों का मैनेजमेन्ट ठीक नहीं करेंगे तब तक उनमें करोडों रुपए का इन्वेस्टमेंन्ट करने के बाद भी लाभ नहीं मिल सकेगा। उन कम्पनियों का प्रशासन, मैनेजमेन्ट कुशल तरीके से चलाया जाना चाहिए जिसके अभाव में आज वहां पर घाटा हो रहा है। बड़े-बड़े अधिकारियों को वहां पर बिठा दिया जाता है जोकि एक्सपर्ट नहीं होते हैं, वे वहां पर राजशाही की तरह से रहते हैं और अनाप-शनाप खर्च करते है और इस प्रकार से कम्पनी का दिवाला निकालने का प्रयत्न करते हैं। इन कम्पनियों में जिन लोगों को भी रखा जाए, जिनको भी वहां पर मैनेजिंग डायरेक्टर या चेयरमैन बनाया जाए उनको यह मालूम होना चाहिए कि उनका यह परम कर्तव्य है कि वे कम्पनी का संचालन इस प्रकार से करें जिससे कि उसमें ज्यादा से ज्यादा प्राफिट हो सके।

आज बड़ी-बड़ी key (की) इण्डस्ट्रीज पब्लिक सेक्टर में ही हैं और इन की-इण्डस्ट्रीज के आधार पर ही देश की अन्य कम्पनियां चल सकती हैं। इसलिए इन की-इण्डस्ट्रीज का मैनेजमेन्ट ऐसा होना चाहिए जिससे कि उनमें ज्यादा से ज्यादा लाभ हो सके। यह जो एलूमिनियम कम्पनी है इसका भी पावर तथा अन्य सेक्टर के लिए बड़ा महत्व है इसलिए इनका मैनेजमेन्ट ठीक प्रकार से चलाया जाना नितान्त

आवश्यक है। और भी एलूमिनियम कम्पनीज देश में खड़ी की जा सकती हैं। फिर आपको बाहर से इसका इम्पोर्ट करने की आवश्यकता नहीं रह जायेगी और एलूमिनियम की सारी चीजें देश में बन सकेंगी।

सरकार ने जो कदम उठाया है वह मैं समझता हूं हाफ-हार्टेड है। हाफ-हार्टेड कदम उठाने से मैं समझता हूं आपको कामयाबी नहीं मिलेगी आप जबतक व्यवस्था नहीं करेंगे तबतक कुछ नहीं होगा। इस लिये या तो पूरी तरह से नेशनलाइज कीजिये या ऐसे अवसर दीजिये जिस से ज्यादा से ज्यादा प्रोडक्शन हो और वे लोग देश की ज्यादा सेवा कर सकें।

सरकार को इन कम्पनियों के सिक होने के बारे में पूरा ध्यान रखना चाहिए। ऐसे बहुत से लोग हैं जो बराबर एक कम्पनी को सिक कर के दूसरी बनाने में लगे रहते हैं। उन का इन्टरेस्ट यह होता है कि उस में से सब माल निकाल लें और जब उस में रद्दी चीजें रह जाती हैं तब उस को छोड़ देते हैं। इस में उन का अपना तो कोई नुकसान होता नहीं है क्योंकि सब पैसा फाइनैन्शियल इंस्टीचूशन्ज का लगा होता है, अपनी गांठ का वे कोई पैसा नहीं लगाते हैं। ये जितने बड़े सेठ लोग हैं, कोई भी अपनी गांठ का पैसा नहीं लगाते हैं, चाहे जितने करोड़ की इण्डस्ट्री स्थापित करें सारा पैसा फाइनैन्शियल इंस्टीचूशन्ज का, बैंक का लगता है और कहने के लिये जो 10-20 परसेन्ट अपना दिखलाते है, उस को भी वे फाइनेन्शियल इंस्टीचूशन्ज के पैसे में से निकालते हैं, और इस तरह से बड़ी बड़ी कम्पनियों के मालिक बन कर बैठ जाते हैं और इस तरह से जीवन गुजारते हैं जो किसी देश का राजा-महाराजा भी नहीं गुजारता होगा। परिवार के सब लोगों को कम्पनी में लगा देते हैं, किसी को मैनेजिंग डायरेक्टर बना दिया, किसी को डायरैक्टर बना दिया और हर एक के लिये दस-दस और बीस-बीस हजार की तनख्वाह लगा देते हैं। ऐसी कम्पनियों में जहाँ सरकार का पैसा लगा होता है सरकार को उन की पूरी निगरानी करनी चाहिये।

सरकार की तरफ से इन कम्पनियों में डायरैक्टर नियुक्त किये जाते हैं। किसी डिप्टी सैक्रेटरी को, किसी ज्वाइन्ट सैक्रेटरी को या कन्सर्ण्ड मिनिस्ट्री के सैक्रेटरी या ज्वाइन्ट सैक्रेटरी को नामिनेट कर दिया जाता है। वे लोग वहां जाते हैं, चाय पीते हैं, मौज करते हैं और घूम-फिर कर आ जाते हैं। यह देखने का प्रयास नहीं करते कि कम्पनी की क्या हालत है, वह ठीक से चल रही है या नहीं चल रही है, फाइनेन्शियल इंस्टीचूशन्ज से जो पैसा मिला है उस का ठीक से उपयोग हो रहा है या नहीं हो रहा है, कहीं उस के एसेट्स ट्रांसफर कर के दूसरी जगह तो नहीं ले जाये जा रहे हैं। इन सब को देखने वाला कोई नहीं है। आज बहुत सी कम्पनियां जो सिक हो रही हैं, उस का मुख्य कारण यह है कि सरकार का इन्टरैस्ट सेफगार्ड करने के लिये वहां जिन अधिकारियों को मुकर्रिर किया जाता है वे ठीक प्रकार से सरकार के इन्टरेस्ट को सेफगार्ड नहीं करते, बल्कि अपना इन्टरैस्ट सेफगार्ड करते हैं। थोड़े दिनों बाद जब वह रिटायर होते हैं तो उन को उसी कम्पनी में जाब मिल जाती है, जहां कुछ दिन पहले वे गवर्नमेन्ट के नामिनेटेड डायरैक्टर थे। मैं ऐसी एक नहीं बहुत सी नजीरें दे सकता हूं जहां बड़े बड़े अधिकारी जो इन कम्पनियों के डायरैक्टर रहे हैं, इन कम्पनियों को आगे बढ़ाने में जिन्होंने सहयोग किया, वे रिटायरमेन्ट के बाद इन्हीं कम्पनियों में बड़े अधिकारी नियुक्त हो जाते हैं और उम्र भर पैसा प्राप्त करते रहते हैं।

इस लिये मेरा निवेदन है कि सरकार के इन्टरेस्ट को सेफगार्ड करने के लिए निश्चित तरीके से ऐसी व्यवस्था होनी चाहिये कि जब भी कोई कम्पनी सिक होने लगे तो उस पर पूरा ध्यान रखा जाय, उस को सिक न होने दिया जाय जिससे कोई मजदूर बेकार न हो। इस कम्पनी में 5-6 साल तक ढाई हजार मजदूर

बेकार रहे। किस तरह से उन लोगों ने अपनी गुजर-बसर की होगी, आप उस का अन्दाजा नहीं लगा सकते। इसलिए भारत सरकार को कोई न कोई ऐसी व्यवस्था करनी चाहिये जिस से उन कम्पनियों में जिन में भारत सरकार और फाइनेन्शियल इंस्टीचूशन्ज का पैसा लगा है, सिक न होने पायें। सिक होने से पहले भारत सरकार को पता लग जाय जिस से भारत सरकार कार्यवाही कर सके। इस प्रकार की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि मोनोपोलिस्टिक विचारधारा वाले लोग इसका ज्यादा लाभ न उठा सकें। जब मिल टेकओवर कर ली जाती है, उसके बाद ये पूंजीपति लोग बड़े बड़े अधिकारियों से मिलकर उस मिल को वापिस अपने कब्जे में लेने की कोशिश करते हैं। सरकार को चाहिए कि जब एक बार टेक-ओवर किया है तो उसको नेशनलाइज करे। आपने टेकओवर करते समय करोड़ों रुपया इन्वैस्ट किया है। यह जो अब कदम आपने उठाया है इसको बराबर आगे बढ़ाइए। इसको नेशन-लाइज कीजिए ताकि ज्यादा से ज्यादा प्रोडक्शन हो और देश को फायदा हो।

एक बार पुनः आपने जो कदम उठाया है, उसका स्वागत करते हुए, मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

**श्री रीत लाल प्रसाद वर्मा** (कोडरमा): उपाध्यक्ष महोदय, मैं ऐलुमिनियम कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड (ऐलुमिनियम उपक्रम का अर्जन और अन्तरण) विधेयक, 1983 का समर्थन करता हूं।

आज का युग प्लास्टिक और एल्यूमिनियम का युग है। गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के घरों में आपको एल्यूमिनियम के ही बर्तन मिलेंगे। इस आवश्यकता को देखते हुए इस का उत्पादन बहुत कम है। ऐल्युमिनियम का जितना विकास होना चाहिए था, उतना विकास नहीं हुआ है। आजादी के 38 वें वर्ष में हमने प्रवेश किया है, लेकिन अभी तक इसका आधुनिकीकरण नहीं हो पाया है। पिछले समय मंत्री महोदय बता रहे थे कि देश में पांच लाख टन एल्युमिनियम की आवश्यकता है, लेकिन यदि लेखा-जोखा देखा जाए तो तीन-सवातीन ही एल्युमिनियम के उत्पादन की क्षमता है और उसमें भी 50 परसेंट से ज्यादा उत्पादन नहीं होता है। एल्युमिनियम की महत्ता को देखते हुए, इसके विकास के लिए सरकार को सतत् प्रयास करने की आवश्यकता है। अधिग्रहण करने के लिए यह बिल लाया गया है, इसी लिए हम लोग इसका हार्दिक समर्थन कर रहे हैं। यह कारपोरेशन एक प्राइवेट कंपनी ने आसनसोल के नजदीक जेके नगर में बनाया था। इसकी व्यवस्था बहुत अच्छी सराहनीय कार्य उन्होंने किया। विषम परिस्थितियों के कारण और यह भी हो सकता है कि जो पूंजी वित्तीय संस्थानों की लगाई गई, उसका दुरुपयोग करने की परम्परा शुरू हो गई। जितनी बड़ी बड़ी कंपनियां अपने उद्योग लगाती हैं, वित्तीय संस्थानों से पैसा लेती है, आगे चल कर वे पारिवारिक व्यव-हार के लिए उसका उपयोग करने लगती है। इस कारण पूंजी व्यवस्था में न लगाकर उसका डाइवर्जन होता है, जिसके कारण व्यवस्था ठीक नहीं चल पाती है।

**13.15 hrs.**

[SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI *in the Chair*]

दूसरी बात यह है कि तत्कालीन श्रमिक संगठनों को भी इस में दोष दिया जा सकता है। जो भी उस समय श्रमिक संगठन थे, उन्होंने उस समय के मालिक के जो संबंधी थे, उन की हत्याएं की और अन्य लोगों की भी हत्याएं हुई, जिस के कारण प्रबन्धकों को यह छोड़ देना पड़ा। इस कारखाने को छोड़ने में यह भी एक बात रही है कि मजदूरों ने चाहे जिस तरह का उग्र रूप धारण किया हो लेकिन मजदूरों के भुगतान में भी गड़बड़ी हुई हो या अन्य कारण रहे हों। और मजदूरों की तरफ से भी ज्यादती हुई थी, जिससे प्रबन्धकों को हतोत्साहित होकर और इस तरह से हत्याओं का तांता देख कर, इसे छोड़कर

भागना पड़ा। इस के लिए जो भी दोषी हों लेकिन उस के बाद इस कारखाने को चलाने के लिए बंगाल सरकार ने और केन्द्रीय सरकार ने प्रयास किया। 1975 में जब वे इस में सफल नहीं हो सके, तो फिर 1 मई 1978 को इस को टेकओवर किया गया और तब से इसका कार्यकरण जो चलाया जा रहा है, वह बहुत ही संतोषप्रद नहीं कहा जा सकता। अभी जो बिल आया है, इस से आशा की जाती है कि इस कारखाने का भविष्य उज्जवल होगा लेकिन भविष्य को उज्जवल करने के लिए जो प्रबन्ध की व्यवस्था होनी चाहिए, उस के संबंध में इस विधेयक में कोई स्पष्ट विवरण नहीं है। इसमें बाईलाज और डेलीगेटेड पावर का प्रावधान है और फिर अधिकारी वर्ग अपने ढंग से रूल्स एंड रेगूलेशन्स, नियम और कानून जो भी होंगे, वे बनाएंगे और उस के बाद यह कितना अच्छा चल सकेगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

एक बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जहाँ तक बंगाल का संबंध है, वहां पर बीमार मिलों, बीमार उपक्रमों की संख्या बहुत ज्यादा है। हाजीनगर में कागज का कारखाना, सेन रेले का कारखाना और इसी तरह से नेशनल जूट मिल भी बीमार रहे हैं। इस प्रकार से आप देखेंगे कि बंगाल में ऐसे बहुत से कारखाने हैं जो बीमार पड़े हुए हैं। इस के लिए कारणों को ढूंढना होगा कि किस कारण से वहाँ पर बड़े बड़े कारखाने भी बन्द हो जाते हैं और इस दिशा में सरकार को सचेष्ट रहना चाहिए और हमारी जो लेबर मिनिस्ट्री है. उस को देखना चाहिए कि श्रमिकों के साथ किसी तरह का अन्याय न हो और श्रमिकों को भी अपनी रोटी पर कुल्हाड़ी नहीं मारनी चाहिए और ऐसा कोई काम नहीं करना चाहिए जिससे कारखाना बन्द होने की नौबत आए। यदि मजदूरों का शोषण होता है, मजदूरों को न्याय नहीं मिलता है, लाभांश का विवरण ठीक से नहीं होता है या बोनस देने में प्रबन्धकों द्वारा कोई सौतेला व्यवहार होता है, तो उस चीज को सरकार को देखना चाहिए। इस कारखाने की उपयोगिता बहुत है और अब तो सौर ऊर्जा की बात चल रही है और सौर ऊर्जा पैदा करने में एलुमिनियम का प्रयोग बहुत ज्यादा होता है। एलुमिनियम हमें विदेशों से आयात करना पड़ता है और उस के लिए करोड़ों रुपयों की व्यवस्था विदेशी मुद्रा के रूप में करनी पड़ती है और अच्छी क्वालिटी का एलुमिनियम मंगाने में काफी विदेशी मुद्रा हमें देनी पड़ती है। इस के लिए मेरा कहना यह है कि जहां पर अच्छी क्वालिटी का एलुमिनियम बनता है, वहां से टेकनोलाजी को मंगाया जाए, उसको खरीदा जाए या कोलाबोरेशन किया जाए। सर्वोत्तम क्वालिटी के एलुमिनियम से वहिर्वेधित सेक्शनों, फायलों और कंडक्टरों और दूसरी तरह के सामान बनते हैं। हमारे यहां ऐसी गुणवत्ता वाला एलुमिनियम होना चाहिए, जिससे विदेशों से हमें एलुमिनियम न मंगाना पड़े। आज बहुत सी कम्पनियां एलुमिनियम बाहर से मंगाती हैं और उस में हमारे देश की विदेशी मुद्रा बाहर जाती है। इसको हमको रोकना चाहिए। हमारे यहां नेलको और बहुत से दूसरे कारखाने हैं जहां पर यह अच्छी क्वालिटी का एलुमिनियम बनाया जा सकता है। हमारे देश में बाक्साइट के बहुत बड़े भंडार हैं। लोहरडागा के सैंकड़ों वर्ग मील में एल्युमिनियम बोक्साइट खनिज उपलब्ध है। वहां उसको निकालने के लिए कारखाना बनाना चाहिए। वहां कारखाना नहीं बनाया जाता है। अगर वहां कारखाने बनाये जाए तो वहां के जो आदिवासी क्षेत्रों के आदिवासी भूखों मर रहे हैं और जिन्हें अपनी रोजी-रोटी के लिए पंजाब और दूसरे-दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है, उनके लिए वहीं रोजी-रोटी की सुविधा हो सकती है और वे लोग तबाही से बच सकते हैं। वहां पर कारखाने को बनाने से वहां के आदिवासियों को लाभ होगा। इस बात को आपको देखना चाहिए।

बालको और हिन्डालको सभी को मिलकर

विचार करना चाहिए कि देश को कितनी एल्युमिनियम की आवश्यकता है, पांच लाख टन या दस लाख टन ? उसी के अनुसार जहां संभावनाएं हैं, जहां जहां खनिज उपलब्ध हैं, उन्हीं इलाकों में कारखाने बनाने चाहिए। इस तरह से आसानी से एल्युमिनियम पैदा किया जा सकता है। मैंने इसी सदन में एक प्रश्न किया था कि लोहा-डागा इलाके में एक कारखाना बनना चाहिए क्योंकि वहां इसका खनिज पैदा होता है। यह कारखाना वहां नहीं बनाया जा रहा है और उत्तर प्रदेश में बनाया जाता है। आपको इस सम्बन्ध में किसी भी क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार नहीं करना चाहिए।

दूसरी बात मैं प्रबन्धन और व्यवस्थापन के सम्बन्ध में कहना चाहूंगा। आपने इसके सुधार के लिए 4 करोड़ 24 लाख रुपये या इस बिल में प्रावधान किया है जिसमें से 66 लाख रुपये कारखाने के मोडरेनाइजेशन में खर्च होंगे। मोडरेनाइजेशन के लिए यह राशि कम है। वहां के इंजीनियर, साइंटिस्ट्स या एक्सपर्ट्स आपको जो राय दें उस पर आपको ध्यान देना चाहिए क्योंकि उन्हीं को यह कारखाना चलाना है। आपने जो इस राशि का प्रावधान किया है उसको सही ढग से खर्च करना है। यह न हो कि ब्यूरोक्रेसी जो अनाप-शनाप खर्च बताये, उसमें ही राशि खर्च हो जाए। अगर ऐसा हुआ तो यह राशि केवल कागजों और वाउचरों में ही खर्च होगी, वास्तव में खर्च नहीं होगी। इसलिए मैं मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि वे इस कारखाने के मैनेजमेंट में बराबर सावधानी बरतें। नहीं तो क्या होता है कि वहां पर जो अधिकारी बहाल होते हैं वे पक्षपात और भाई-भतीजावाद चलाने लगते हैं। वहां पर उन्हीं अधिकारियों की नियुक्ति की जाए जिनकी कि आवश्यकता हो। जिनकी आवश्यकता न हो उनको बहाल कर देने से बहुत बर्बादी होती है और कारखाना सही ढंग से नहीं चल पाता है।

जितने भी बंगाल में कारखाने बंद हुए हैं—वे या तो श्रमिकों की साजिस से हुए हैं, या पूंजीपतियों की साजिश से बंद हुए हैं। इसीलिए सरकार को उनको अपने हाथ में लेना पड़ा। मैं चाहता हूं कि उनके प्रबंधन में और व्यवस्थापन में मजदूरों को भी हिस्सेदार और साझीदार बनाने की आवश्यकता है। जितने भी हमारे कारखाने हैं, अगर उनमें मजदूर भी हिस्सेदार और भागीदार होंगे तो वे अपनी जिम्मेदारी को समझेंगे और उन्हें कारखाने में अपनत्व का बोध होगा। इसलिए आपको ऐसी व्यवस्था करनी चाहिये।

आपको इस कारखाने के प्रबंध के लिए अच्छे अधिकारियों को पदस्थापित करना चाहिए ऐसे अधिकारियों की वहां नियुक्ति नहीं होनी चाहिए जो कि पक्षपातपूर्ण ढंग से कार्य करते हैं आप इन बातों का ध्यान रखें, तभी इस कारखाने का, एल्युमिनियम का भविष्य अच्छा होगा और तभी जनता की आवश्यकता की भी पूर्ति हो सकेगी।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

SHRI T.R. SHAMANNA (Bangalore South) : Mr. Chairman, Sir, please permit me to say a few words in respect of Acquisition of Aluminium Corporation of India Limited. Sir, time and again, concerns are taken over. It is regretted that no policy is evolved to acquire undertakings. A few days back, when there was a demand for the acquisition of the Buckingham & Carnatic Mills Limited, Madras, Government refused to take it over. Whenever Government want to take over, they take over whether it is worthwhile or not. In this particular case, more than Rs. 10,000 crores of public funds are going to be involved and therefore, it is very necessary that a clear cut policy is to be evolved, to find out whether a concern is to be taken over or not. If it is necessary to salvage a concern, we have to satisfy ourselves that it will be able to recover, and will be able to stand on its own legs. It is necessary that proper planning is made, and that all steps are taken to see that the concerns do not suffer again.

Furthermore, this concern is going to be managed by Bharat Aluminium Co. I do not want that by taking over this concern, the Bharat Aluminium Co. also gets into trouble. It is, therefore, necessary that the new venture does not commit the same mistake which was committed by the old concern. So, it is necessary to find out as to why this concern went bad; and all steps should be taken to see that there is no repetition of the mistakes already committed, so that we find that the concern works smoothly.

All companies are required to send to the Registrar of Joint Stock Companies every year, a profit and loss account, and the balance sheet. They are simply, nominally filed. I suggest that Government set up a machinery to find out which are the companies going bad. Suppose the concerns become bad hopelessly; and steps are taken thereafter, it will be difficult to set them right. I suggest that a machinery should be found which will study the profit and loss account and the balance sheet of companies; and see that in the case of concerns doing bad, steps are taken early enough to set them right i.e. in the beginning itself, so there will not be any huge cumulative losses.

Hereafter many concerns are likely to go bad, because most of the machineries are obsolete. There is a possibility of many concerns going into liquidation, and incurring heavy losses. So, early steps will have to be taken in this regard.

After taking over this concern, Government should get periodic reports and find out whether the company taken over is working well. There is a good future for aluminium these days, because formerly aluminium coils were being used only for making utensils. But now they are used for several purposes, including fittings and in automobile industry, aviation and many other sectors. So, there is a great necessity for the development of aluminium industry in the country.

